






## एक नजर में

### विधायक ने कॉलेज का निरीक्षण कर प्राचार्य से शासकीय अभ्यावेदन मांग भेजे जाने हेतु की चर्चा



**खंडवा।** विधानसभा खंडवा और संसदीय क्षेत्र में कहीं भी शासकीय विधी महाविद्यालय ना होने के चलते पिछले दिनों मुख्यमंत्री के खंडवा प्रवास पर के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तंनवे ने विधि प्रकोष्ठ की इस महती मांग सम्बन्धी फाईल सौंपकर खंडवा शहर में स्थित श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय में 3 और 5 वर्षीय विधि शिक्षण प्रारंभ किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री से मंच पर ही मांग की थी। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इसी के संबंध में सोमवार दोपहर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक देवेंद्र सिंह यादव, जिला संयोजक मोहन गंगराड़े,सहसंयोजक विजय चौधरी,मौसम गंगराड़े,सुनील जैन सहित अन्य के साथ कॉलेज पहुचकर प्राचार्य सोमपाल सिंह व स्टाफ से चर्चा कर कॉलेज का निरीक्षण किया और उक्त कालेज में ही विधि महाविद्यालय खोले जाने की संभावनाओं का परीक्षण भी किया। इस संबंध में सकारात्मक संभावनाओं को देखते हुए विधायक श्रीमती तनवे ने ला फेकल्टी स्थापना हेतु प्राचार्य को विभागीय अभ्यावेदन उच्च शिक्षा विभाग व मंत्रालय को भेजने हेतु कहा।

### सद्भावना मंच का आयोजन

**खंडवा।** नगर में स्थित दादाजी धूनी वाला धाम पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आने वाले असंख्य श्रद्धालुओं के लिए सद्भावना मंच द्वारा 10 जुलाई को पंधाना रोड छोटी आबना नदी के समीप एवं इंदौर रोड किशोर कुमार समाधि के समीप विशेष प्रसादी वितरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा छोटी आबना नदी के समीप प्रसादी के रूप में ब्रेड पकोड़े एवं विभिन्न तरह के भजियों का वितरण किया जाएगा। वही इंदौर रोड स्थित किशोर कुमार समाधि के समीप बाहर से आने वाले भक्तजनों के लिए चाय, कॉफी एवं बिस्किट की व्यवस्था रहेगी। सद्भावना मंच के समस्त सदस्यों सदस्यों श्रीदादाजी के भक्तगणों से आयोजन का लाभ लेने की अपील की गई है।

### सांसद श्री पाटिल आज निशान लेकर पदयात्रा के माध्यम से दादाजी धाम पहुंचेंगे

**खंडवा।** भजलो दादाजी का नाम भज लो हरिहर जी का नाम के स्मरण से दादाजी की नगरी गुंज रही हैं। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूरे देशभर से दादाजी भक्त लाखों की संख्या में उपस्थित होकर दादा जी को नमन करेंगे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पूर्णिमा के पूर्व बड़ी संख्या में दादाजी भक्त निशान लेकर दादाजी धाम पहुंचकर निशान अर्पित कर रहे हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल दादाजी भक्तों के साथ दादा जी के नाम का स्मरण एवं भजन गाते हुए 8 जुलाई मंगलवार को शाम 4.30 बजे आजाद नगर स्थित गणेश धाम मंदिर से शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए दादाजी धाम निशान यात्रा के रूप में पहुंचकर दादाजी के चरणों में निशान अर्पित करेंगे।

### हत्या के दोषी दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा



**खंडवा।** न्यायालय ने हत्या करने वाले दो भाइयों को आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरसूद जिला खण्डवा की न्यायालय द्वारा जघन्य एवं चिन्हित प्रकरण में निर्णय घोषित करते हुए अभियुक्त शुभम सैनी पिता नर्मदाप्रसाद सैनी उम्र 23 वर्ष एवं राजेश सैनी पिता नर्मदाप्रसाद सैनी उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी कैशवकुज के पीछे गणेशतलाई खण्डवा को धारा 302 एवं धारा 302/34 भादवि में दोनों आरोपीगण को आजीवन कारावास एवं 1000-1000/- रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 307 भादवि में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000-1000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अनिल चौहान द्वारा किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके,एडीपीओ द्वारा बताया गया कि मृतिका के भाई मोनू द्वारा रिपोर्ट थाना हरसूद में लिखाई कि घटना के 01 वर्ष पूर्व उसके घर के पास रहने वाले अभियुक्त शुभम ने उसकी बहन के साथ छेडछाड की थी किन्तु उनके द्वारा थाने पर रिपोर्ट नही लिखाई थी इसी बात पर अभियुक्त शुभम से 2-3 बार विवाद हो चुका था। इसी बीच लॉकडॉउन होने के कारण वह अपने परिवार के साथ ग्राम ढकोची रहने आ गया था। दिनांक 16.11.2021 को वह अपने घर के अंदर सो रहा था उसकी मां व उसकी बहन घर के बाहर सो रही थी पुराने विवाद को लेकर अभियुक्त शुभम उसके भाई राजेश एक अन्य के साथ ग्राम ढकोची आया। मृतिका शौच के करने के लिए उठी तभी आरोपीगण उसे पकडकर खीचने लगे वह चिल्लाई तो आवाज सुनकर उसकी मां बीचबचाव करने बीच में दौडी तो आरोपी शुभम ने हाथ में लिए चाकू से मृतिका के सीने में मारा और उसकी मां गीता बाई को भी जान से मारने की नियत से चाकू से चेहरे पर मारा जिससे उसे चौटे आई तभी ईश्वर बीचबचाव करने दौडा तो उसे आरोपी राजेश ने चाकू से जान से मारने की नियत से पेट पर मारा जिससे उसे चोटे आई तीनो को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल खालवा ले गये डॉक्टर ने फरियादी मोनू की बहन मृतिका को मृत घोषित कर दिया। फरियादी ने थाना खालवा में आरोपीगण के विरूद्ध धारा 302, 307, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कराया पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपीगण से पुछताछ की घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किये तथा आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

### सांसद श्री साहू पदयात्रा करते हुए आज पहुंचेंगे खंडवा दादाजी धाम



**खंडवा।** छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के निवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा से पांढुर्णा और बैतूल होते हुए खंडवा दादाजी धाम तक 411 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे है। सांसद ने अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए 26 जून से 13 दिन की पदयात्रा शुरू की थी। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया सांसद श्री साहू 8 जुलाई की सुबह अपनी 13 दिवसीय पदयात्रा पूरी करते हुए दादाजी दरबार खंडवा में माथा टेकेंगे। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्री अपनी 12वें दिन की पदयात्रा पूरी करते हुए 7 जुलाई की रात अमलपुरा पहुंचकर रात्रि विश्राम किया। इस 13 दिवसीय पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू बारिश के मौसम में पचासों गांव एवं घने जंगलों से होते हुए अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस पदयात्रा को पूरी कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू मार्ग में पड़ने वाले गांवों और कस्बों में कन्याओं, वरिष्ठजनों एवं माताओं से आर्शीवाद भी प्राप्त कर रहे है। सांसद ने छिन्दवाड़ा से खंडवा तक की पदयात्रा के पूर्व 26 जून को उनके निजनिवास के सामने स्थित हनुमान मंदिर से खंडवा दादाजी दादाजी धाम दर्शन करने हेतु पहुंच रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा में कांग्रेस के गढ़ को ढहाकर विजयश्री प्राप्त की थी, वे सांसद के पद के साथ ही केन्द्र के मंत्रालय में दो प्रमुख कमिटियों में मेम्बर के पद पर हैं। पदयात्रा के 12 वें दिन अमरपुरा के पहले धरमपुरी में खण्डवा विधायक कंचन मुकेश तनवे तन्वे ने सांसद बंटी साहू एवं सभी दादाजी भक्तों का स्वागत कर पदयात्रा में शामिल हुई।

# दादाजी धाम नंगे पांव निशान लेकर पहुंच रहे श्रद्धालु

## जिला प्रशासन,नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन तैयारी को लेकर मुस्तैद

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दादाजी की नगरी खंडवा में भजलो दादा जी का नाम भजलो हरिहर जी का नाम चारों ओर सुनाई दे रहा है गुरू पूर्णिमा पर्व के पूर्व से ही शहर में दादाजी नाम गूंजने लग गया है। दादाजी धाम पर 10 जुलाई को मुख्य पर्व मनाया जाएगा। दादाजी दरबार में निशान चढ़ाने और दादाजी की सेवा, दर्शन के लिए सैकड़ों मील पैदल चलकर भक्तों का खंडवा पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। भज लो दादाजी का नाम,भज लो हरिहर जी का नाम की गूंज शहर में सुनाई देने लगी है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त पैदल यात्रा कर निशान लेकर दादाजी धाम पहुंच रहे हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भक्त दादाजी का जयघोष करते हुए भक्तिमय माहौल में बैंडबाजे के साथ दादाजी का स्मरण करते हुए निशान लेकर टोलिया दादा दरबार पहुंची। वहीं छिंदवाड़ा, बैतूल और पांडुरना से पैदल रथ लेकर आने वाले भक्तों का भी शुरू हो गया है। जो प्रतिदिन कई किमी की पैदल यात्रा कर रहे है। ये दीवाने दादाजी भक्त नंगे पैर हाथ में निशान ध्वज लिए मुंह में दादा नाम महीना भर पहले निकलकर गुरूपूर्णिमा पर दादाजी धाम पहुंचेंगे। भक्तों की मंगल अगवानी के लिए शहरवासी भी तैयारियों में जुट गये है। शहर में जगह-जगह भंडारों के लिए भंडारा समितियों द्वारा सक्रिय होकर तैयारियां शुरू कर दी है। भक्तों की सुविधा के लिए जगह-जगह पांडाल भी लगाये जा रहे है,वहीं प्रशासन द्वारा भी मंदिर परिसर सहित शहर में चाक चौबंद व्यवस्था के लिए बैठक कर अधिकारियों को दायित्व सौंप दिए गए है, जिससे की श्रध्दालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



इस महोत्सव की व्यवस्था संचालन हेतु ट्रस्ट द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिसमें हजारों सेवाधारियों द्वारा 24 घंटे सेवा समर्पित की जाएगी। इस वर्ष प्रकाश व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था सुचारु एवं सुविधाजनक बनाई जा रही है। प्रसाद वितरण व्यवस्था खिड़कियों से सतत जारी रहेगी।

दर्शनार्थियों को पंक्तिबद्ध रूप से सतत सेवा व अभिषेक के दर्शन करवाएं जाएंगे। इस वर्ष उत्सव में वृहद रूप से प्रसादी की व्यवस्था की गई है। 10 जुलाई गुरुवार गुरु पूर्णिमा पर परंपरा के अनुसार दोनों समाधियों पर दूध दही घी शक्कर तथा गंगा, नर्मदा जल से अभिषेक स्नान होगा 121 दीप मालिकाओं से पर्व की महाआरती रात्रि 8.00 बजे होगी तथा बड़ा हवन भी किया जाएगा। लाखों की संख्या में सूखे नारियल व हवन सामग्री धुनीमाता को समर्पित किये जाएंगे। उत्सव में प्रशासकीय व्यवस्था,पुलिस व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था,साफ-सफाई व्यवस्था हेतु नगर निगम, पुलिस विभाग,विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी तन मन धन से सेवाएं प्रदान करते हैं। भंडारों के लिए पंडाल बनाने का कार्य शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रारंभ हो चुका है। मंगलवार से कई स्थानों पर भंडारे प्रारंभ हो जाएगें।



## 9 से 11 जुलाई तक मांस,मछली अंडा विक्रय पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर श्री दादाजी धुनीवाले जी का वार्षिक मेला दिनांक 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक खंडवा नगर में आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर नगर निगम खंडवा द्वारा शांति एवं धार्मिक वातावरण बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।**

महापौर अमृता अमर यादव के निर्देशानुसार नगर निगम खंडवा की ओर से जारी आदेश के अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक मांस, मछली,अंडा एवं अन्य मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय हाल ही में हुई अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति रोकने, धार्मिक श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने एवं मेला स्थल के पवित्र वातावरण को सुरक्षित रखने हेतु लिया गया है।

महापौर अमृता अमर यादव ने निगम के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिबंध की अवधि में सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाए, साथ ही श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाए।

मेला स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए भी निगम प्रशासन सजग रहेगा।

### गुरू पूर्णिमा पर शुष्क दिवस घोषित

खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरू पूर्णिमा पर्व को ध्यान में रखते हुए आगामी 10 जुलाई को श्री दादाजी मंदिर परिसर के समीप स्थित मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेशानुसार 10 जुलाई को कंपोजिट मदिरा दुकान संजय नगर खंडवा तथा कंपोजिट मदिरा दुकान रोशनाई रोड खंडवा को बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 5.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 5.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में खालवा तहसील में 4 मिमी, खंडवा तहसील में 6 मिली मीटर, नासा तहसील में 10 मिलीमीटर तथा हरसूद में 8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पंधाना तहसील में पिछले 24 घंटे में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 7 जुलाई तक 174.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 199.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 228 मिली मीटर हरसूद तहसील में 203 मिली मीटर,पन्धाना तहसील में 140 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 193 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 232 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

## इंदिरा सागर बांध का जलस्तर बढ़ने की संभावना

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदानगर।** इंदिरा सागर बांध का जलस्तर 8 जुलाई की सुबह तक बढ़ने की संभावना है।

बरगी बांध से अभी ताजा जानकारी के अनुसार 5000 क्यों मैक्स पानी का डिस्चार्ज हो रहा है बढ़ा दिया गया है। बरगी बांध का पानी हंडिया क्रॉस कर गया है। हंडिया में पानी का डिस्चार्ज 1500 क्यू मैक्स से बढ़कर 2730 क्यू मैक्स शाम को 6.30 बजे हो गया है वर्तमान में इंदिरा सागर बांध का जलस्तर शाम तक 250.98 मीटर बताया गया है। बरगी बांध से छोड़े गए जलस्तर से इंदिरा सागर में बाधं में जलस्तर बढ़ेगा। ऊपरी क्षेत्र खंडवा हरदा हंडिया क्षेत्र से अच्छी बरसात नहीं होने से पानी स्थानीय नदी नालों से नहीं आ रहा है। बाध से लेकर हरदा जिले तक के नदी नाले मे पर्याप्त जलस्तर नहीं है। इसलिए बरगी बांध का जल फैलाते हुआ इंदिरा सागर पहुंचेगा।

इंदिरा सागर बांध में जल भराव क्षमता 262 पॉइंट 13 मीटर है अभी बाघ अपनी क्षमता के मुताबिक 11 मीटर खाली है।

## शिव पुराण कथा का आयोजन 1 अगस्त से



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दादाजी की पावन नगरी में भागवत कथा,शिव पुराण कथा नानी बाई को मायरो,संत सिंगाजी परचरी की कथा के माध्यम से धर्म की प्रभावना होती रहती है। कथाओं का उपदेश यह रहता है कि श्रद्धालु और युवा पीढ़ी धर्म और संस्कृति के संस्कारों से जुडे रहे हर्ष का विषय है श्री राम परिवार समिति एवं समस्त नगर वासियों की ओर से श्रावण मास में सद्गुरु अंतरराष्ट्रीय महान संत चिन्मयानंद बापू जी की श्री शिव पुराण कथा का आयोजन भवानी माता प्रांगण में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित होने जा रहा है।

बापूजी द्वारा खंडवा में कई कथाओं के माध्यम से धर्म प्रभावना की गई थी। इस बार श्रावण में भोले बाबा की कथा सुनने का श्रद्धालुओं को पुण्य लाभ प्राप्त होने वाला है। कथा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

### भवानी माता परिसर मे कथा स्थल का भूमि पूजन महापौर,विधायक द्वारा मंत्रोचार के साथ किया

सोमवार को भवानी माता परिसर दादाजी धूनी वाले आश्रम के समीप होने वाली कथा स्थल का भूमि पूजन महापौर अमृता अमर यादव एवं विधायक कंचन मुकेश तनवे के मुख्य आतिथ्य में पंडित आशीष सरमंडल के मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

इस अवसर पर महापौर,विधायक ने सभी श्रद्धालुओं से श्रावण मास में आयोजित होने वाली श्री शिव पुराण कथा में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया। कथा का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा,अपितू समाज को सत्य,सेवा और संस्कार से जोड़ने का अनुपम प्रयास भी रहेगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तनवे,महापौर अमृता यादव, नरेश जांगिड़, आशीष चटकेले,सुनील जैन,गोपी शर्मा, नारायण बाहेती,संतोष मोरे,यशदीप चोरे, सुरेश व्यास,मनोज मिश्रा, बबलू बामनिया सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जिला जेल में 218 केदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जिला जेल खंडवा में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।**

नोडल अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जेल में बंद कैदियों में एचआईवी, सिफलिस, टीबी तथा हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों की स्क्रीनिंग करना था। यह शिविर जिला जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर में 218 कैदियों की एचआईवी,सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं यौनजनित रोग की जांच की गई। जिसमें 73 कैदियों का हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से एक्स-रे किया गया। इस दौरान संबंधित बीमारियों की प्रारंभिक जांच एवं स्वास्थ्य जागरुकता के लिए समझाइश दी गई।

इस दौरान परामर्षदाता जितेन्द्र कुमारप्रजापति,कन्हैयालाल मालव, हरिकेश लाड, स्मिता रंगारकर, एवं एक्स-रे टेकनीशियन सुमित साहू द्वारा सेवाएं दी गईं।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक** — कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश,जलकर वसूली के लिए व्यवस्था करें,हैंडपंपों के आसपास सोखता गड्ढे बनवायें

# सभी शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सभी जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ कार्यालय के भवनों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समय सीमा में लग जाएं। पहले चरण में सभी शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं तथा अगले चरण में अशासकीय भवनों में संचालित शासकीय कार्यालय,अधिकारी कर्मचारियों के शासकीय और अशासकीय आवासों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि विभिन्न पंचायतों में संचालित जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं के उपभोक्ताओं से जलकर की वसूली नियमित रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि बिना जलकर की वसूली के योजनाओं का संचालन संधारण मुश्किल होगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को सभी हैंडपंपों के आसपास सोखता गड्ढे बनाने के संबंध में भी निर्देश दिए ताकि भूजल स्तर बढ़े तथा हैंडपंपों के आसपास गंदा पानी जमा न हो। उन्होंने उप संचालक कृषि को जिले में किसानों के लिए उर्वरक उपलब्धता की आगे से आगे तैयारी रखने के संबंध में निर्देश दिए।

जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर निगम आयुक्त और सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि ई-केवाईसी और आयुष्मान भारत योजना के पंजीयन पर विशेष ध्यान दें।

### 10 वर्ष तक की सभी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाएं

कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी और शिक्षा विभाग के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश दिए कि 10 वर्ष से कम आयु की प्रत्येक बालिका का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया जाए। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष से कम आयु की कोई भी बालिका सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ लेने से छूट न जाए, यह सुनिश्चित करें। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में अभी तक 6819 बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाये जा चुके हैं।

### सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम प्राथमिकता से लागू करें

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम प्राथमिकता से लागू करें तथा सभी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। बैठक में बताया गया कि अभी तक आबकारी विभाग, सहकारिता विभाग, डाइट, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, खनिज विभाग, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नापतौल विभाग, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा अभियोजन विभाग के खंडवा कार्यालय ने ई-ऑफिस सिस्टम से फाइल भेजना शुरू नहीं किया है।

### जर्जर भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों को अन्य भवनों में शिफ्ट करें

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों के जो भवन क्षतिग्रस्त हैं तथा जर्जर स्थिति में हैं, उन्हें वहां से हटाकर अन्य भवनों में शिफ्ट किया जाए ताकि किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे जब भी अपने विभागीय कार्यों से दौरे पर जाएं तो अपने विभाग के साथ-साथ यदि किसी अन्य विभाग के कार्यों में अनियमितता या समस्या देखने को मिलती है, तो उसे भी जिला प्रशासन के ध्यान में लाएं, ताकि उसका निराकरण किया जा सके।



बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा, अपर कलेक्टर के.आर.बडोले और अरविंद चौहान, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू करें

कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू करें। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल परिसरों में अब तक 6714 पौधे लगाए जा चुके हैं।